भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: *198

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के लिए ओडिशा को वित्तीय सहायता

†*198. श्री प्रदीप पुरोहितः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत दो वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा ओडिशा राज्य को जारी की गई वित्तीय सहायता तथा केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई तथा उपयोग में लाई गई धनराशि का योजना-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में विगत दो वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार और ओडिशा सरकार के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का ब्यौरा क्या है और उनके उद्देश्य, वित्तीय परिव्यय और वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) और (ख): विवरण सभा के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 31 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *198 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) जन स्वास्थ्य एवं अस्पताल राज्य के विषय हैं, अतः समस्त नागरिकों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार की है। वित्त वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान स्वास्थ्य संबंधी केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ओडिशा राज्य को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

पिछले दो वर्षों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने ओडिशा सरकार के साथ निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं:

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार ने अप्रैल 2025 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) के कार्यान्वयन के लिए ओडिशा सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस योजना के अंतर्गत, ओडिशा में 67.80 लाख पात्र परिवारों को शामिल किया गया है। दिनांक 25 जुलाई 2026 तक की स्थिति के अनुसार, ओडिशा राज्य में एबी पीएम-जेएवाई योजना के तहत कुल 3.43 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और 20.52 लाख अस्पताल भर्तियों को अधिकृत किया गया है।

2. रायरंगपुर, ओडिशा में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल भवन के निर्माण के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने, निर्धारित दिनों में विशिष्ट विशेषज्ञताओं में ओपीडी सेवाएं प्रदान करने, विशेष शिविरों का आयोजन करने, टेलीमेडिसिन सेवाओं और आपातकालीन सेवाओं के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भुवनेश्वर ने अप्रैल 2026 में ओडिशा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

3. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत, अंतरक्षेत्रीय समन्वय और स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन तैयारियों एवं रिस्पॉन्स क्षमताओं को बढ़ाने के उपाय के रूप में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भुवनेश्वर, ओडिशा में स्वास्थ्य आपातकालीन प्रचालन केंद्र (एचईओसी) की स्थापना के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की है। इस संबंध में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और ओडिशा सरकार के बीच 30 दिसंबर, 2024 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

****

अनुलग्नक

(करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	योजनाएं	वित्त वर्ष 2024-25		वित्त वर्ष 2025-26	
		निर्गत धन राशि	उपयोग की गई धन राशि	निर्गत धन राशि	उपयोग की गई धन राशि
1	राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)	1,916.79	3,585.01	1,760.71	4,330.21
2	प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम)	149.05	248.42	137.19	228.65
3	आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई)*	-	-	464.92	-

टिप्पणी:

1. व्यय में केंद्र निर्गत, राज्य निर्गत और वर्ष के प्रारंभ में अव्ययित शेष धनराशि की तुलना में व्यय शामिल है। व्यय, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत की गई एफएमआर के अनुसार है और एनएचएम एवं पीएम-एबीएचआईएम के अंतर्गत अनंतिम है।
2. *राज्य को अप्रैल 2025 में शामिल किया गया था।

*****